पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# लखनऊ विश्वविद्यालय की पुरुष क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल आज और कल, एलडीए ग्राउंड में 350 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

लखनऊ : 29 सितम्बर, 2026

लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी सत्र 2026–27 के लिए पुरुष क्रिकेट टीम के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन (LUAA) के तत्वावधान में विश्वविद्यालय पुरुष क्रिकेट टीम चयन परीक्षण (Men's Cricket Selection Trial 2026–27) का आयोजन 29 एवं 30 सितंबर 2026 को किया जा रहा है।

चयन परीक्षण एलडीए ग्राउंड, अलीगंज, लखनऊ में दोनों दिन प्रातः 8:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालय के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण, विकेट कीपिंग, फिटनेस एवं खेल कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

चयन प्रक्रिया का शुभारंभ माननीय कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया के माध्यम से खिलाड़ियों की तकनीकी क्षमता, खेल के प्रति समझ, अनुशासन, फिटनेस तथा प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन एवं LUAA का उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना तथा एक संतुलित, प्रतिस्पर्धी और मजबूत क्रिकेट टीम तैयार करना है, जो आगामी अंतरविश्वविद्यालयी एवं अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर सके।

यह चयन प्रक्रिया कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के मार्गदर्शन में तथा LUAA महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य एवं क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष डॉ. एस.ए. अल्वी के निर्देशन में आयोजित की जा रही है।

LUAA महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि ट्रायल को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों के लगभग 350 खिलाड़ी, जिनमें रायबरेली, हरदोई, सीतापुर एवं लखीमपुर जैसे जिलों के खिलाड़ी भी शामिल हैं, टीम में स्थान बनाने का प्रयास करेंगे। चयनित खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग का अवसर मिलेगा।

चयन मोहम्मद उबैद कमाल (पूर्व इंटरनेशनल क्रिकेटर), ज्ञानेंद्र पांडेय (पूर्व इंटरनेशनल क्रिकेटर), अरुण शर्मा (पूर्व रणजी क्रिकेटर), मोहम्मद जावेद अनवर (पूर्व रणजी क्रिकेटर) और क्रिकेट कोच राहुल गुप्ता की देखरेख में किया जा रहा है।

LUAA ने खिलाड़ियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर एलडीए ग्राउंड, अलीगंज में आवश्यक खेल सामग्री एवं जरूरी दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों।

---

सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे

राघवेन्द्र / 04:30 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
**वेबसाइट** :www.information.up.gov.in